देवेन्द्र कुमार द्विवेदी
उपायुक्त
**Devendra Kumar Dwivedi**
Deputy Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
(Under Ministry of Education, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय, सेक्टर-जे, अलीगंज लखनऊ - 226024
Regional Office, Sector–J, Aliganj Lucknow - 226024
☎ दूरभाष : 0522-2745386, फैक्स: 2745536
Website : https://rolucknow.kvs.gov.in/
E-mail add.: dcrolucknow@gmail.com

---

दिनांक: 15 दिसम्बर, 2021

## संदेश

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर लखनऊ संभाग में कार्यरत सभी कर्मठ साथियों के साथ-साथ सभी छात्रों व अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें।

आज का दिन हम सभी को, विशेष रूप से अपने उन वरिष्ठ साथियों के प्रति आदर व सम्मान के साथ आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने अपना समस्त जीवन केन्द्रीय विद्यालय संगठन की सेवा में लगाते हुए इसे स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्था के रूप में स्थापित किया। हमें विश्वास है कि हमारे सभी साथी पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से इस संस्था के गौरव व सम्मान के लिये सदा की भाँति कार्य करते हुए अपने सभी सम्मानित सेवानिवृत्त वरिष्ठ साथियों को गर्व की अनुभूति करायेंगे जो सदैव इस संस्था को उच्चतम शिखर पर देखना चाहते हैं।

इस पावन अवसर पर हम सभी अपने पुनीत दायित्वों के प्रति पुनर्संकल्पित होकर इसकी गौरवपूर्ण यात्रा में अपनी पूर्ण ऊर्जा एवं सामर्थ्य से सेवा देते हुए स्वयं को गौरवान्वित होने की अनुभूति करें।

एक बार पुन: सभी साथियों को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनायें।

15/12/2021

(देवेन्द्र कुमार द्विवेदी)
उपायुक्त